## Regarding killings of youths from Punjab in Jammu and Kashmir

**श्री रवनीत सिंह (लुधियाना):** धन्यवाद सभापति महोदय । यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जिसको मैं सदन के लाना चाहता हूं । कल जम्मू-कश्मीर में पंजाब के नौजवानों को शहीद किया गया, जिनमें अमृतपाल और संदीप मसीह शामिल हैं ।

सर, पाकिस्तान पहले तो कश्मीर के लोगों को निशाना बनाते थे, पहले पंजाब में टेररिज्म था, ये बच्चे वहां पर काम करने गए थे, उनको ए.के.-47 के बट से मारा गया । यह बहुत ही फिक्र की बात है । अभी उनकी बॉडीज पंजाब के अमृतसर में पहुंची है । अभी तक उनके डेथ सर्टिफिकेट नहीं बने हैं। इसका कारण क्या है? वहां की सरकार ने तो बोल दिया कि यह टेररिस्ट एक्ट है । लेकिन, अब उनके परिवारों का ख्याल रखना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि पंजाब और कश्मीर दोनों पर अटैक किया गया है ।

सर, आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स का जरूर ध्यान रखा जाना चाहिए ।